कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई

// निविदा आमंत्रण सूचना //

क्रं./जन स्वा. वि./1132 /2025/

भिलाई, दिनांक 4/02/2025

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रान्तर्गत् स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 हेतु मिशन क्लीन सिटी अन्तर्गत कार्यरत स्वच्छता दीदीयों के लिए पीपीई किट (वर्दी एवं सुरक्षा उपकरण) क्रय करने के लिए निर्मात्री संस्थान/अधिकृत विक्रेता/एजेंसी/फर्म/ठेकेदार से मुहरबंद निविदा स्पीडपोस्ट के माध्यम से दिनांक 06.03.2025 को सायं 5:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदायें दिनांक 07.03.2025 को 11:00 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी। अवकाश के अवधि में अगले कार्य दिवस निविदा खोली जावेगी। निविदा में भाग लेने हेतु दिनांक 27.02.2025 को 5:30 बजे तक निगम मुख्य कार्यालय जन स्वास्थ्य विभाग में आवेदन शुल्क रू. 750.00 जमा कर निविदा फार्म प्राप्त की जा सकती है।

क्रं.	कार्य का विवरण	संख्या	निविदा लागत	धरोहर राशि	आवेदन शुल्क	कार्यावधि	निविदा फार्म
.1	स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 हेतु मिशन क्लीन सिटी अन्तर्गत कार्यरत स्वच्छता दीदीयों के लिए पीपीई किट (वर्दी एवं सुरक्षा उपकरण) क्रय करने ।	405 सेट	14,98,500.00	15,000.00	750.00	01 माह	"बी "

नियम शर्तेः– 1. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी। 2. निविदा स्पीड पोस्ट एवं रजिस्टर्ड डाक से स्वीकार किये जावेंगे। 3.एफ.डी.आर कार्यपालन अभियंता नगर पालिक निगम भिलाई के नाम से जमा करना होगा एवं निविदा प्रपत्र लिफाफा "क" में प्रस्तुत करना होगा तथा निविदा दर लिफाफा "ख" में प्रस्तुत करना होगा, उक्त दोनो लिफाफा दस्तावेज सहीत बड़ा लिफाफा "ग" में रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से प्रस्तुत करना होगा। 4. समस्त कर सहित दरें प्रस्तुत करना होगा। 5. आवेदन पत्र के साथ वाणिज्य कर कार्यालय का पंजीयन प्रमाण–पत्र, संस्था किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था में काली सूची में दर्ज नहीं है के संबंध में शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा। 6. ऑफरदाता को किसी शासकीय / अर्द्धशासकीय संस्था से संबंधित कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा। 7. सम्पूर्ण निविदा अथवा किसी भी अंश को स्वीकृत करने अथवा न करने का अधिकार आयुक्त नगर पालिक निगम के पास सुरक्षित रहेगा। 8. शासन के आदेश दिनांक 19.01.2012 के अनुसार अनुमानित लागत से 10 प्रतिशत कम निविदा दर होने पर सफल निविदाकार को निविदा दर एवं अनुमानित लागत के 90 प्रतिशत के अंतर की राशि के समतुल्य परफार्मेस गारंटी के रुप में एफ.डी.आर. जमा करना होगा। 9. किसी भी विवाद की स्थिति में आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा। 10. निविदा नगर पालिक निगम भिलाई के वेबसाइट www.bhilainagarnigam.com अथवा www.uad.cg.gov.in से निविदा देखी जा सकती है। निविदाकार को संलग्न किये जाने वाले समस्त दस्तावेजों का सत्यापन अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा।

संलग्न :– एन.आई.टी.

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम
भिलाई